## अधिसूचना

नई दिल्ली, 10 नवम्बर, 2015

**का. आ. 3048(अ).—**जबकि आयकर अधिनियम, 1961(1961 का 43) की धारा 35 क ग के स्पष्टीकरण के खंड (ख) के साथ पठित उपधारा (1) के अंतर्गत जारी की गई भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, (राजस्व विभाग) की दिनांक 17 नवंबर, 2009 की अधिसूचना सं. का. आ. 2907 (अ) द्वारा केन्द्रीय सरकार ने ''संजीवनी हेल्थ एंड रिलीफ कमेटी, केयर ऑफ डॉ. पंकज आर. शाह, हरि ओम फ्लेट्स, चंदरनगर के नजदीक, नारायण नगर रोड, पाल्दी, अहमदाबाद-383007, गुजरात'' द्वारा "संजीवनी ग्रामीण आरोग्य केंद्र'' की परियोजना को वित्तीय वर्ष 2009-10 से प्रारंभ होने वाली तीन वर्ष की अवधि के लिए एक पात्र परियोजना अथवा स्कीम के रूप में क्रम सं. 8 पर अधिसूचित किया था; और जिसे बाद में दिनांक 14 मई, 2012 की अधिसूचना सं. का.आ. 1066(अ) के द्वारा वित्तीय वर्ष 2014-15 को समाप्त होने वाली तीन वर्ष की अवधि के लिए और बढ़ा दिया गया था;

और जबकि दिनांक 27 दिसंबर, 2013 की अधिसूचना सं. का.आ. 3830 (अ) के द्वारा अनुमानित लागत को 1.83 करोड़ रूपए से बढ़ाकर 4.28 करोड़ रूपए कर दिया गया था;

और जबकि उक्त परियोजना या स्कीम के छह वर्षों से अधिक चलने की संभावना है ;

और जबकि सामाजिक और आर्थिक कल्याण की अभिवृद्धि के लिए राष्ट्रीय समिति का यह समाधान हो जाने पर कि उक्त परियोजना अथवा स्कीम उपयुक्त रूप से निष्पादित की जा रही है, इस समिति ने आयकर नियमावली, 1962 के नियम 11 ड के उप-नियम (5) के अंतर्गत उक्त परियोजना अथवा स्कीम को अगले तीन वर्षों की अवधि के लिए बढ़ाने की सिफारिश की है ;

इसलिए, अब, केन्द्रीय सरकार, आयकर अधिनियम, 1961(1961 का 43) की धारा 35 क ग के स्पष्टीकरण के खंड (ख) के साथ पठित उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ''संजीवनी हेल्थ एंड रिलीफ कमेटी, केयर ऑफ डॉ० पंकज आर. शाह, हरि ओम फ्लेट्स, चंदरनगर के नजदीक, नारायण नगर रोड, पाल्दी, अहमदाबाद-383007, गुजरात'' द्वारा चलाई जा रही "संजीवनी ग्रामीण आरोग्य केंद्र'' की परियोजना अथवा स्कीम को 4.28 करोड़ रुपए की अनुमोदित लागत में कोई परिवर्तन किये बिना वित्तीय वर्ष 2015-16 से प्रारंभ होने वाले वर्ष से आगे तीन वर्षों की अवधि अर्थात 2015-16, 2016-17 और 2017-2018 के लिए एक पात्र परियोजना अथवा स्कीम के रूप में अधिसूचित करती है।

[सं. 238/2015 /फा. सं. वी -27015/3/2015 एस ओ( एन. सी)]

मक्खन लाल मीना, उप सचिव(राष्ट्रीय समिति)